खेल अंक

राजस्थान सरकार



# हवामहल

(कोरोना समय में बच्चों का झरोखा)

RSCERT Udaipur



29 अगस्त 2020: शनिवार: अंक – 18

## मुझे कोई नहीं खिलाता

**आज की कहानी**

“कैसा लगता है जब आपके हमउम्र साथी आपको खेल में शामिल ही न करें। खेल मात्र, केवल खेल नहीं बल्कि इससे बनता है दोस्ती का रिश्ता। स्कूल के परिवेश में बाल मन की बात साझा करती कहानी। इस कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।“

3 – 10 वर्ष के बच्चों के लिए | एकलव्य




## कुश्ती मस्ती

**आज की कहानी**

"कुश्ती-मस्ती पंजाब की एक मज़ेदार लोककथा है। तरलोचन और परमजीत दो मशहूर पहलवान हैं जो हर वक्त कुश्ती लड़ना चाहते हैं। इस कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें। इस कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।“

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | तूलिका-पराग



## विराट की पारी

**आज की किताब**

“अठारह वर्ष के विराट को अपने पिताजी के गुजरने के बाद एक कठिन निर्णय लेना था – दुख की घड़ी में अपने परिवार का साथ देना या अपने साथियों के साथ मैच खेलकर उनकी मदद करना। विराट ने वही किया जो ऐसी परिस्थिति में उसके पिता करने की सलाह देते। इस कहानी को पढने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।“

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | रूम टू रीड




## कैसे खेलते हैं फुटबॉल?

**आज की गतिविधि**

फुटबॉल दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल है। खेल दिवस के अवसर पर हम आपके लिए “फुटबॉल कैसे खेलें? का ट्यूटोरियल वीडियो लेकर आए हैं। इस बार इसका पहला भाग प्रस्तुत है। इसका वीडियो देखने के लिए इसके चित्र पर क्लिक करें।

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | प्रथम



## खेलने दो

**टीचर्स कॉर्नर**

“माँ-बाप हमेशा क्यों सोचते हैं कि अगर वे अपने बच्चों को शौक पूरे करने दें तो पढ़ाई पर असर पड़ेगा? इस आलेख में काजल आडवाणी (बिलियर्ड्स चैंपियन पंकज आडवाणी की माँ) ने अपने अनुभव लिखे हैं। इस आलेख को पढ़ने के लिए पत्रिका के चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए | लर्निंग कर्व




#घरमेंरहें

#आनन्दसेपढ़ें

**सूचना** – हवामहल के माध्यम से कहानियों के प्रसारण हेतु शिक्षक साथी अपनी पसंदीदा कहानियों का ऑडियो, किताब एवं लेखक के विवरण सहित हमसे hawamahal.rscert@gmail.com पर साझा करें। ऑडियो की अवधि 5 मिनिट से अधिक न हो एवं गुणवत्ता अच्छी हो।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।

www.rajteachers.com